# केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल सम्भाग SET-1

## प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा सत्र- 2025-26

**समय - 3 घंटे** **कक्षा - दसवीं**

**विषय-हिंदी कोर्स अ (कोड-002)** **पूर्णांकँ - 80 अंक**

**सामान्य निर्देश -**

1. **इस प्रश्नपत्र में चार खंड क , ख , ग ,घ है ।**
2. **इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न है सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
3. **प्रश्नों का उत्तर दिए गए निर्देशों के अनुसार लिखिए ।**

| | **(खंड - क) अपठित अवबोधन 14 अंक** | |
|---|---|---|
| प्रश्न-1 | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**<br>हमारा शिक्षित युवा वर्ग शारीरिक श्रमपरक कार्य करने से परहेज करता है। श्रम की अवज्ञा का परिणाम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है, हमारे देश में व्याप्त शिक्षित वर्ग की बेकारी। युवा यह नहीं सोचता कि शारीरिक श्रम परिणामतः कितना सुखदायी होता है। पसीने से सिंचित वृक्ष में लगने वाला फल हमेशा मधुर होता है। महात्मा ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों को यह परामर्श दिया था कि तुम सदा अपने पसीने की कमाई खाना। पसीना टपकाने के बाद मन को संतोष और तन को सुख मिलता है। हमारे समाज में शारीरिक श्रम न करना सामान्यतः उच्च सामाजिक स्तर की पहचान मानी जाती है। यही कारण है कि जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति में सुधार होता जाता है, वैसे-वैसे बीमारों और बीमारियों की संख्या में वृद्धि होती जाती है। जिस समाज में शारीरिक श्रम के प्रति हेय दृष्टि नहीं होती है, वह समाज अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ एवं सुखी दिखाई देता है। विकसित देशों के निवासी शारीरिक श्रम को जीवन का आवश्यक अंग समझते हैं। | 1+1+1+2+2=7 |
| | 1 **उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए-**<br>(I) अवज्ञा की श्रम (II) श्रमहीन जीवन<br>(III) श्रम का परामर्श (IV) श्रम की महत्ता | 1 |
| | **2. 'पसीने की कमाई खाना' का आशय है-**<br>(I) लोगों से परिश्रम करवाना (II) अपना पसीना बेचना<br>(III) श्रम की कमाई खाना (IV) लोगों के पसीने की कमाई खाना | 1 |
| | **3. कथन (A) भारत में समृद्ध लोग अधिक अस्वस्थ होते हैं।**<br>**कारण (R) - यहाँ शारीरिक परिश्रम को हेय मानकर उससे बचा जाता है।**<br>**विकल्प**<br>(I) कथन A सही है और कारण R सही है।<br>(II) कथन A गलत है और कारण R गलत है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (III) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है।<br>(IV) कथन A सही है किंतु कारण R गलत है। | |
| | **4 शिक्षित युवा वर्ग की बेकारी के क्या-क्या कारण हो सकते हैं?** | 2 |
| | **5 स्वस्थ समाज की क्या पहचान बताई गई है? इसका क्या परिणाम होता है?** | 2 |
| **प्रश्न-2** | **निम्नलिखित अपठित पद्यान्श पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>जून का महीना झुलसते दिन रात, और उधर मसूरी में रिमझिम बरसात!<br>मैं व्यंग्य से मुस्कराया और पास बैठे बेटे को समझाया<br>बेटा ! तू भी मसूरी सा वन, जलते रेगिस्तान में नंदनवन सा तन<br>लोगों की आहों से एक फव्वारा बना और उसमें खूब नहा।<br>पानी के खेल खेल, झरने बहा, घर सजा, श्रृंगार कर<br>झुलसने दे अभागों को, तू अपना घर भर।<br>सुनकर यह व्यंग्य की बोली, मसूरी चीखकर बोली-<br>सुन ! न तो मैं आग बरसाती हूँ, न किसी को तपाती हूँ<br>ये तो तुम्हारी ही आहें हैं, जो किसी बड़े का कंधा खोजती हैं<br>जिस पर सर रखकर वे रो सकें !<br>और मैं ! जिसे तुम अपनी आहों का शोषक कहते हो<br>मैं तुम्हारी आहों को आँखों में बसाती हूँ<br>उनमें डूबती हूँ छटपटाती हूँ<br>उनमें बसे आँसुओं को अपनी आँखों में लिए बरस जाती हूँ।<br>फिर भी तुम मेरे वक्ष पर मँडराते मेघों को कहते हो मेरा श्रृंगार।<br>दरअसल जब भी कोई किसी के दुख-दर्द को गले लगाता है<br>बहुत प्यारा हो जाता है, उसके नयनों का पोर-पोर उज्ज्वल हो जाता है।<br>और फिर मैं तुम्हारे जल को खुद कहाँ पीती हूँ<br>पूरा का पूरा झर जाती हूँ, तुम्हारे लिए एक नदी बनाती हूँ<br>झरने बहाती हूँ, पेड़, पत्तियाँ और फूल उगाती हूँ<br>फिर भी अपनी महिमा कहाँ गाती हूँ! | **1+1+1 +2+2= 7** |
| | **1. आपकी नजरों में मसूरी क्या है?**<br>(क) शोषक<br>ख) शोषित<br>(ग) शोषितों की सहायक<br>(घ) शोषितों की नेता। | 1 |
| | **2. आशय स्पष्ट कीजिए।**<br>'मैं तुम्हारी आहों को आँखों में बसाती हूँ'<br>क) मैं तुम्हारी पीड़ाओं को निहारती हूँ।<br>ख) मैं तुम्हारी पीड़ाओं को प्रेम करती हूँ।<br>(ग) मैं तुम्हारी पीड़ाओं को अपने हृदय में धारण करती हूँ।<br>(घ) मैं तुम्हारी पीड़ाओं को समझती हूँ। | 1 |
| | **3 कथन (A) मसूरी जन शोषक नहीं, जग पालक है।**<br>**कारण (R) वह दूसरों की पीड़ा से द्रवित होकर सबकी प्यास बुझाती है।** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **विकल्प**<br>(क) कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है।<br>(ख) कथन असत्य है किंतु कारण सत्य है।<br>(ग) कथन और कारण दोनों असत्य हैं।<br>(घ) कथन और कारण दोनों सत्य हैं। | |
| | **प्रश्न–4 (क) कवि किस दृश्य को देखकर व्यंग्य करता है?** | 2 |
| | **प्रश्न –5 मसूरी आरोपों के जवाब किस प्रकार देती है?** | 2 |
| | **[खंड– ख ]**<br>**व्यवहारिक व्याकरण 16 अंक** | |
| **प्रश्न–3** | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य' भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से *किन्हीं चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** | 1**x 4 = 4** |
| | I अध्यापक ने बताया कि कल स्कूल की छुट्टी रहेगी । (रेखांकित आश्रित उपवाक्य का नाम लिखे) | |
| | II मैंने एक बहुत बीमार आदमी को देखा (मिश्र वाक्य में बदलिए) | |
| | III उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ । (सरल वाक्य में बदलिए) | |
| | IV मोहन और सोहन प्रतिदिन घूमने जाते है । (वाक्य पहचान कर वाक्य का नाम लिखे) | |
| | V वह फल खरीदने के लिए बाजार गया । (सयुंक्त वाक्य में बदलिए) | |
| **प्रश्न–4** | **निर्देशानुसार 'वाच्य पर आधारित पाँच प्रश्नों में से *किन्हीं चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** | 1**x 4 = 4** |
| | I वह तो उठ भी नहीं सकती । ( भाववाच्य में बदलिए) | |
| | II बिस्मिल्ला खां द्वारा शहनाई बजाई जाती थी (वाच्य पहचान कर नाम लिखे ) | |
| | III अब मुझसे सोया नहीं जाता । (कर्तरीवाच्य में बदलिए ) | |
| | IV पानवाले ने नया पान खाया । (कर्मवाच्य में बदलिए) | |
| | V पतोहू ने आग दी (वाच्य पहचान कर लिखे) | |
| **प्रश्न -5** | **निर्देशानुसार 'पद परिचय पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पदपरिचय दीजिए ।** | 1**x 4 = 4** |
| | **I हमें** अपने भारत पर गर्व है । | |
| | **II मुंशी प्रेमचंद** ने गोदान उपन्यास लिखा । | |
| | III वह पुस्तक किसकी है **।** | |
| | IV **दिल्ली भारत की राजधानी है ।**<br>V यह छात्र बहुत चतुर है । | |
| **प्रश्न 6** | **निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से *किन्हीं चार* प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार स्पष्ट करें ।** | 1**x 4 = 4** |
| | I मसक समान रूप कपि धरी । | |
| | II 'बीच में अलसी हठीली, देह की पतली, कमर की है लचीली।' | |
| | III तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान, मृतक में भी डाल देगी जान | |

| | | |
|---|---|---|
| | IV पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो । | |
| | V लट-लटकनी मनु मत्त मधुपगन मादक मदहिं पिए । | |
| | **{खंड – ग}**<br><br>**पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक 11 अंक** | **30 अंक** |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।**<br>पानवाला मुस्कुराकर बोला- नहीं साहब। वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में। पागल है पागल वो देखो, वो आ रहा है। आप उसी से बात कर लो। फोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं। हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मजाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लंगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बॉस पर टंगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था, तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं। फेरी लगाता है। हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ? लेकिन पानवाले ने साफ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। | 1X5= 5 |
| | **1) हालदार साहब अवाक क्यों रह गए।**<br>(I) एक मरियल से बूढ़े आदमी को देखकर<br>(II) कल्पना से परे 'कैप्टन' नाम के विपरीत उसका हुलिया देखकर<br>(III) एक बूढ़े को लाठी पकड़े चश्मा लगाए गाँधी जी के रूप में देखकर<br>(IV) एक चश्मे वाले दुकानदार को इस रूप में देखकर | |
| | **(2) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।**<br>कथन (A) पानवाले ने अपने मित्र कैप्टन का मजाक उड़ाया ।<br>कारण (R) पानवाले में संवेदनशीलता का अभाव था।<br>(I) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।<br>(II) कथन A सहीं है, किंतु कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।<br>(III) कथन A और कारण R दोनों सही हैं।<br>(IV) कथन A और कारण दोनों गलत है। | |
| | **(3) 'फोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं हालदार के सम्मुख पानवाले द्वारा कहा गया यह कथन चश्मे वाले के प्रति दर्शाता है, उसकी**<br>(I) अनुभूति<br>(II) दर्द की अनुभूति<br>(III) सहानुभूति | |

| | | |
|---|---|---|
| | IV) व्यंग्यात्मकता | |
| | **4 पानवाले ने देशभक्त का मजाक किन किन-विशेषणों के साथ उड़ाया था ?**<br>**क)** लंगड़ा और बूढ़ा (ख) बूढ़ा और पागल<br>(ग) पागल और लंगड़ा (घ बूढ़ा और मरियल ( | |
| | **5 ड्राइवर की बेचैनी के क्या कारण थे ?**<br>(क) देशभक्त केप्टन में कोई रूचि नहीं थी<br>(ख) भूख लगना और घर जाने की जल्दी<br>(ग) उमस के कारण बेचैनी<br>(घ) हालदार साहब को गंतव्य पर पहुँचाने की जल्दी | |
| **प्रश्न-8** | **निम्नलिखित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**<br>। खीरे के संबंध में नवाब साहब के व्यवहार को उनकी सनक कहा जा सकता है । क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप सकता है ? स्पष्ट करें । | **2X3= 6** |
| | II 'बालगोबिन भगत' पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? | |
| | III आशय स्पष्ट कीजिए-- फटा सुर न बख्शे "लुंगियां का क्या है आज, फटी हैं कल सी जाएगी। | |
| | IV लेखिका मन्नुभंडारी के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ? | |
| **प्रश्न-9** | **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**<br>उद्धव , तुम हौ अति बड़भागी<br>अपरस रहत सनेह तगा तै नाहिन, मन अनुरागी।<br>पुरइन पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।<br>ज्यों जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।<br>प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।<br>'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी ।। | **1X5= 5** |
| | 1 उपर्युक्त पद में वक्ता और श्रोता क्रमशः हैं :<br>I. उद्धव - गोपियाँ<br>II. गोपियाँ- उद्धव<br>III. सूरदास -उद्धव<br>IV. गोपियाँ -सूरदास | |
| | **2 पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी -पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है ? सही विकल्प का चयन कीजिए -**<br>। उद्धव के दुर्भाग्यशाली होने की ओर ।<br>II उद्धव के सौभाग्यशाली की ओर<br>III. कृष्ण के प्रेम से प्रभावित होने की ओर।<br>IV कृष्ण के प्रेम से अप्रभावित होने की ओर ।<br>विकल्प<br>I कथन। सही है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | II कथन I और II सही हैं।<br>III. कथन II और III सही हैं।<br>IV कथन I और IV सही हैं। | |
| | 3 **कथन A) और कारण R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :**<br>कथन) A): गोपियों ने व्यंग्य कसते हुए उद्धव को भाग्यशाली कहा है।<br>कारण (R): कृष्ण के सानिध्य में रहते हुए भी उद्धव के मन में कृष्ण के प्रति अनुराग उत्पन्न नहीं हुआ ।<br><br>I कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>II. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>III कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>IVकथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| | **4 'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति में कौन किसका प्रतीक है ?**<br>I गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) सूरदास का<br>II गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) श्रीकृष्ण का<br>III गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) उद्धव का<br>IV गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) गोपियों का | |
| | **5 उद्धव के व्यवहार की तुलना गोपियों ने किससे की है? सही विकल्प का चयन कीजिए–**<br>I जल में पड़े रहने वाले कमल के पत्ते से<br>II जल में पड़ी रहने वाली तेल की गागर से<br>III गुड़ से चिपकी रहने वाली चींटी से<br>IV. कृष्ण की प्रीति–नदी में पाँव डुबाने से ।<br>विकल्प :<br>I कथन I सही है।<br>II . कथन I और II सही हैं।<br>III कथन II और III सही हैं।<br>IV कथन I और IV सही हैं। | |
| **प्रश्न – 10** | **निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**<br>I. परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रिया हुई उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए | **2X3= 6** |
| | II. मुस्कान और क्रोध भिन्न-भिन्न भाव हैं । इनकी उपस्थिति से बने वातावरण की भिन्नता का चित्रण कीजिए । | |
| | III. सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाता है । तब उसे सहयोगी किस प्रकार सँभालते है । | |
| | IV. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं? आत्मकथ्य पाठ के आधार पर स्पष्ट करें । | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न - 11** | **पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** | **4X2= 8** |
| | 1. माता का अंचल' पाठ में बच्चे का अपने पिता से अधिक जुड़ाव था, फिर भी विपदा के समय वह पिता के पास न जाकर माँ की शरण लेता है ।आपकी समझ से इसकी क्या वजह हो सकती है ? | |
| | 2. जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं ? | |
| | 3.'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में प्रदूषण के कारण हिमपात में कमी पर चिंता व्यक्त की गई है? प्रदूषण के और कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं । लिखिए। | |
| | **[खंड -घ]**<br>**रचनात्मक लेखन** | **20 अंक** |
| **प्रश्न- 12** | **निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर संकेत बिंदुओ के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।**<br>**I ऑनलाइन खरीददारी: व्यापार का बदलता स्वरुप**<br>• संकेत बिंदु -<br>• वर्तमान में अनिवार्यता<br>• सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव<br>• सुझाव<br>**II करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान**<br>• संकेत बिंदु -<br>• अभ्यास की महिमा<br>• प्रतिभा आवश्यक<br>• अभ्यास और प्रतिभा का मेल<br>**III यदि मैं राज्य का मुख्यमंत्री होता**<br>➢ संकेत बिंदु-<br>• मेरी प्राथमिकताएँ<br>• शिक्षा में बदलाव<br>• विकास कार्य | 6 |
| **प्रश्न - 13** | **फैशन में समय और धन का अपव्यय करने वाली छोटी बहन को बड़ी बहन सुषमा / बड़े भाई सुमित की ओर से एक प्रेरणाप्रद -पत्र लिखिए ।**<br>**अथवा**<br>**अपने पिताजी की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक को ट्रैक्टर खरीदने के लिए ऋण स्वीकृत करने हेतु अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए ।** | 5 |
| **प्रश्न - 14** | **आप अरुण शर्मा / अरुणिमा शर्मा है । आप एम.कॉम.कर चुके है । आपको डी..ए.वी.स्कूल में कंप्यूटर अध्यापक पद के लिए आवेदन करना है । इसके** | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | लिए आप अपना संक्षिप्त स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए ।<br>अथवा<br>आप कक्षा अध्यापक / अध्यापिका है । अपनी कक्षा के सभी विद्यार्थियों के परिजनों को आगामी 20 जनवरी को आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित करने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ईमेल लिखिए । | |
| प्रश्न–15 | देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।<br>अथवा<br>आप मोहन/ मोहिनी छात्र संघ के अध्यक्ष है । आपके विद्यालय में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है । इसके संबंध में छात्रों को सूचित करते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए । | 4 |